अभिनव पहल

ई–पुस्तकालय एवं संसाधन केन्द्र निर्माण डायट गौचर चमोली

प्रस्तावना

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गौचर चमोली की पी0ए0सी0 की बैठक दिनांक 01–09–2021 को जिला अधिकारी चमोली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें जिला अधिकारी महोदय द्वारा डायट की लाइब्रेरी को आधुनिक एवं सुसज्जित करने के निर्देश दिए गए।

उद्देश्य एवं प्रतिफल (Purpose and outcome)

इस ई–पुस्तकालय से डायट में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सेवारत शिक्षक एवं सेवापूर्व प्रशिक्षु, आस–पास के विभिन्न विद्यालयों ,पॉलीटेक्निक, महाविद्यालयों में पढने वाले छात्र–छात्रायें तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवा लाभान्वित होंगे।

कार्ययोजना

जिला अधिकारी चमोली के निर्देश के क्रम में सर्वप्रथम डायट गौचर चमोली द्वारा पुस्तकालय के आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु निविदाएं ई–टेंडरिंग के माध्यम से डायट की वैव साइट पर प्रदर्शित की गई। जिसमें तीन फर्मों की निविदाएं ई–मेल के माध्यम से प्राप्त हुई।तीनों फर्मों की निविदाओं का क्रय समिति द्वारा तुलनात्मक अध्ययन के उपरान्त Life Skill Development Consultancy Faridabad की दरें न्यून पाई गई। अतः उक्त फर्म के साथ अनुबन्ध करार कर क्रयादेश जारी किया गया।कार्यदाई संस्था से प्रतिभूति राशि के रुप में 61140.00 राशि का ड्राफ्ट जमा किया गया। कार्यदाई संस्था द्वारा एडवांस के रुप में 500000.00 की धनराशि की मांग की गई।किन्तु सिंगल विन्डो सिस्टम लागू होने के कारण डायट के खाते में जमा धनराशि को एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड को वापस करना पड़ा। अतः उक्त धनराशि की मांग हेतु जिला प्रशासन चमोली से अनुरोध किया गया। जिला प्रशासन चमोली द्वारा उक्त धनराशि डायट के खाते में हस्तानान्तरित की गई जिसको सम्बन्धित फर्म को जमा किया गया। सम्बन्धित फर्म द्वारा लाइब्रेरी हेतु आवश्यक उपकरण/सामग्री डायट में पहुँचाई गई। अनुबन्ध के अनुसार कार्यदाई संस्था को 1500000.00 की धनराशि कार्य की प्रगति हेतु उपलब्ध करानी थी किन्तु डायट के जीरो बैलेन्स खाते की कार्यवाही गतिमान होने के कारण कार्यदाई संस्था को पेमेन्ट नहीं हो पाया। कार्यदाई संस्था के बार–बार अनुरोध पर पुनः जिला प्रशासन चमोली से उक्त धनराशि की मांग हेतु अनुरोध किया गया। जिला प्रशासन चमोली द्वारा 1500000.00 की

धनराशि डायट के खाते में हस्तानान्तरित की गई जिसको सम्बन्धित फर्म को जमा किया गया। इसके बाद कार्यदाई संस्था द्वारा निम्नलिखित कार्य किए गए।

1. पुस्तकालय हेतु कुल 18 बुक सेल्फ की लगाये गये।
2. किंडल ई रीडर 03 क्रय किये गये।
3. पुस्तकालय हेतु एल.एम.एस., सॉफ्टवेयर क्रय किया गया।
4. 4300 पुस्तकें बार कोड सहित पुस्तकालय में उपलब्ध हैं।
5. पुस्तकालय हेतु पांच लेपटाप एवं कम्प्यूटर टेबल लगाये गये।
6. डी0एल0एड0 प्रशिक्षु एवं शिक्षकों के लिए अंग्रेजी बोलचाल हेतु सॉफ्टवेयर क्रय किया गया।
7. प्रकाश व्यवस्था हेतु हैगिंग लैम्प लगाया गया।
8. पुस्तकालय सुदृढीकरण हेतु दो ए0सी0 लगाये गये।
9. पुस्तकों को पाठकों को जारी करने हेतु बार कोड रीडर लगाया गया।
10. पुस्तकालय के रीडिंग एरिया में 20 कुर्सियों सहित दो रीडिंग टेबल एवं चार सोफे भी लगाये गये।
11. छोटे बच्चों हेतु स्टेप सिटिंग लगाया गया।
12. ई– कॉन्टेन्ट हेतु हैंगिंग प्रोजेक्टर एवं ब्लूटूथ स्पीकर की व्यवस्था की गयी।
13. कक्षा 1 से 12 तक के छात्र छात्राओं के लिए विषयवार ई– कॉन्टेन्ट की उपलब्धता है।

दिनांक 06 जनवरी 2022 को जिला अधिकारी चमोली की अध्यक्षता में डायट की ई–लाइब्रेरी एवं रिसोर्स केन्द्र का उद्घाटन किया गया।

अनुबन्ध के अनुसार कार्यदाई संस्था द्वारा 02 साल तक लाइब्रेरी की नियमित मानीटीरिंग की जानी है। कार्य पूर्ण होने पर कार्यदाई संस्था को अन्तिम भुगतान 293653.00 ड्राफ्ट के माध्यम से किया गया।

प्रभाव– Impact)

1– डायट के आस पास के लगभग 20000 जनसंख्या लाभान्वित हो रही है।

2– पुस्तकालय को सार्वजनिक पुस्तकालय के रुप में विकसित किया गया है जिससे आस–पास के राजकीय इण्टर कालेज, रा0बा0इ0का0, पॉलीटेक्निक, महाविद्यालय में पढने वाले छात्र–छात्रायें, सेवारत शिक्षक शिक्षिकायें एवं सेवापूर्व प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे डी0एल0एड0 प्रशिक्षु लाभान्वित हो रहे हैं।

3– इससे पुस्तकालय आधुनिक एवं संसाधन सम्पन्न हुई है।

4– इससे पाठकों को सीखने के लिए इण्टरनैट एवं विभिन्न उपकरण उपलब्ध हुए हैं।

5– पुस्तकालय की लगभग 5000 पुस्तकों को पुस्तकालय मेनेजमेंट साप्टवेयर के माध्यम से अभिलेखित किया गया है।

माननीय शिक्षा मंत्री उत्तराखण्ड शासन द्वारा लाइब्रेरी का निरीक्षण

पुस्तकालय में बच्चे रीडिंग करते हुए